पांचवी योजना का जो प्रारूप रखा गया है उस के अन्तर्गत ग्रामीण विद्युतीकरण के, लिए 1 हजार 98 करोड़ 24 लाख की व्यवस्था करने की बात सोची गई है। और जिस के

[प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद]

लिए अलग अलग कार्यक्रमों के अन्तर्गत अलग अलग राशि निर्धारित की गई है उसका मैं थोड़ा संकेत करना चाहता हूं। सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 125 करोड़ ग्राम विद्युतीकरण निगम के कार्यक्रम के अन्तर्गत 400 करोड़ और न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 272 करोड़। इस राशि से ऐसी उम्मीद की जाती है कि पांचवी योजना के अन्त तक 1 लाख 10 हजार और गांवों में बिजली जा सकेगी और करीब 15 लाख नए ट्यूबवैल्स या पम्पिंग सैट्स को बिजली दे सकेगें। इस प्रकार से ऐसी उम्मीद की जाती है कि पांचवी योजना के अन्त तक 2 लाख 65 हजार गांवों को बिजली दी जा सकेगी। इस प्रकार सब मिला कर 40 लाख पम्पिंग सैटों का विद्युतीकरण सम्भव हो सकेगा।

माननीय सदस्यों ने समय समय पर इस बात की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया है, और पहले भी करते रहे हैं कि ग्राम विद्युतीकरण की जो हमारी योजना है उन में जो राज्य अखिल भारतीय औसत से पिछड़ गए हैं उनकी ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसीलिए अभी जो योजना बनाई गई है, उसमें हम क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत ऐसे राज्यों के लिए योजनाओं को स्वीकृत करते समय विशेष ध्यान रखा जाता है और इसी कारण से 1974-75 में जो ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्यक्रम सारे देश में स्वीकृत किया गया था उसमें 89 करोड़ रुपए की धनराशि रखी गई है और उसमें से ज्यादा राशि पिछड़े हुए राज्यों को दी गई थी और इसी प्रकार से 1975-76 में 97 करोड़ रुपये की राशि रखी गई है। इसमें ग्राम विद्युतीकरण निगम इस बात का विशेष ध्यान रखता है कि भारत में जो पिछड़े हुए राज्य हैं उन राज्यों को इससे ज्यादा धनराशि दी जाए। इसलिए ग्राम विद्युतीकरण के कार्य में प्रगति आई है। ग्राम विद्युतीकरण की स्थापना जैसा कि माननीय सदस्य जानते हैं 1969 में इस उद्देश्य से की गई थी कि ग्राम विद्युतीकरण के काम में तेजी आए। उसके बाद से ग्राम विद्युतीकरण के माध्यम से राज्यों में ग्राम विद्युतीकरण का काम तेजी से बढ़े, इसके लिए भारत सरकार ने ऋण देने की व्यवस्था की है लेकिन कभी कभी ऐसा दिखता है कि ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की ओर से ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए जो केन्द्रीय सहायता दी जाती है लेकिन राज्यों की जो अपनी योजनाएं होती हैं, उन योजनाओं के अन्तर्गत ग्रामीण विद्युतीकरण के काम को बढ़ाने के लिए कोई धनराशि निर्धारित नहीं की जाती है। अगर राज्यों में ग्रामीण विद्युतीकरण का काम तेजी से होना है और अगर वे माननीय सदस्य जिनके राज्य में ग्रामीण विद्युतीकरण का काम भारतीय औसत से कम हो यह चाहते हैं कि यह काम तेजी से हो, तो राज्यों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहिए। हम राज्य सरकारों की मदद करना चाहते हैं और राज्य सरकारें भी यह चाहती हैं कि उनके राज्यों में तेजी से विद्युतीकरण का काम हो, तो केन्द्रीय विद्युतीकरण निगम के द्वारा जो केन्द्रीय सहायता दी जाती है उसके साथ साथ राज्य भी काफी मात्रा में इस काम के लिए अपनी धनराशि रखें। तभी यह काम काफी तेजी के साथ हो सकता है।

अभी माननीय सदस्य श्री मधुकर यहां नहीं हैं। उन्होंने यह कहा है कि हरिजन बस्तियों में बिजली पहुंचाने का काम एक आत्म-प्रवंचना है। यह आत्म-प्रवंचना नहीं है। जिन गांवों की आबादी बड़ी होती थी, पहले ऐसा होता था कि

उनका विद्युतीकरण हो जाता था, लेकिन हरिजन बस्तियों में बिजली नहीं दी जाती थी। उन गांवों की हरिजन बस्तियों में भी बिजली पहुंचे इसलिए पहली बार चौथी योजना से यह कोशिश की जाने लगी और जब हम गांधी जी की जन्मशताब्दी मना रहे थे, उसके अन्तर्गत इस योजना को विशेष बढ़ावा दिया गया और इस काम के लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपए रखे गए और इस काम को बढ़ाने की कोशिश की गई लेकिन यह कठिनाई जरूर है कि हरिजन बस्तियों में जो बिजली का बिल होता है, उस बिल का भुगतान कौन करे और जो बल्ब लगाए जाते थे वे अगर टूट गए तो फिर उनको बदलने का काम कौन करे। इस बात को ध्यान में रखते हुए हमने राज्यों के मुख्य मंत्रियों को इस बात के लिए लिखा कि हरिजन बस्तियों में जो विद्युतीकरण का काम था उसे जितनी तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए था वह नहीं बढ़ा है। इसके सम्बन्ध में माननीय सदस्य भी यहां सवाल उठाते रहे हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए राज्यों के मुख्य मंत्रियों ने बिजली बोर्डों को कहा कि इस काम को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और सब मिला कर ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए अभी तक 109 योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। राज्यों के मुख्य मंत्रियों ने तथा बिजली बोर्डों ने हमें यह भी बताया है कि इस काम को वे और तेजी से बढ़ाएंगे।

ग्रामीण विद्युतीकरण के काम को तेजी से आगे बढ़ाने का जब हमारे सामने सवाल आता है, तो एक और महत्वपूर्ण पक्ष की ओर भी मैं इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वह यह है कि 1969 में जब ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की स्थापना हुई थी, तो उसी वर्ष हमारे देश में पांच राज्यों में पांच बिजली की सहकारी समितियां बनाई गई थी। अभी मैं आन्ध्र प्रदेश गया था, तो वहां करीम नगर जिले में सिरसिला सहकारी समिति बनाई गई है उस को देखने का मुझे मौका मिला और उस के जो अध्यक्ष हैं, उस के जो सदस्य हैं और जो वहां के निवासी हैं, उन से मैं मिला। गांव गांव में जा कर मैं ने देखा है कि आम तौर से सहकारी क्षेत्रों में, विद्युतीकरण का काम और क्षेत्रों की तुलना में तेजी से होता है। सिरसेला सहकारी समिति का जो क्षेत्र है उस में शत प्रतिशत विद्युतीकरण का काम हो गया है। लेकिन उस के आस पास के क्षेत्र में 50 प्रतिशत विद्युतीकरण का काम नहीं हुआ है।

तीसरी बात जो विचार करने की है वह यह है कि बिजली के सामान की चोरियों में भी कमी आयी है, चोरी समाप्त नहीं हुई है। अध्यक्ष, एव अन्य लोगों से बातचीत करने पर ऐसा मालूम हुआ कि चोरियां बिल्कुल बन्द नहीं हुई हैं लेकिन नाम मात्र की रह गयी हैं। इसमें और श्रमदान से बिजली लगाने के काम में कई लाख रुपये की बचत हुई है। यह बड़ी महत्व की बात है। अगर हम तेजी से गाव गांव में बिजली लगाना चाहते हैं तो हमें जो चोरियां होती हैं ट्रांसफ़ार्मर की चोरी होती हैं, दूसरे सामान की चोरी हो जाती है, बिजली के तार काट दिये जाते हैं, खंभे उखाड़ दिए जाते हैं, उन में पंचायती राज संस्था का उपयोग करना चाहिये। कई साल पहले बिहार बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने हड़ताल की बात कही थी, उस समय भी वहां की पंचायतों ने आगे बढ़ कर काफी

[प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद]

मदद की थी। शुरू में दो चार जगहें खम्भे उखाड़ने और ट्रांसफ़ार्मर खराब करने का काम हो गया किन्तु जब ग्राम पंचायतें सजग हो गयीं तो यह काम आगे नहीं चल सका। इसलिए हम ने राज्य सरकारों को ग्राम विद्युतीकरण के लिए सहकारी समितियों को बढ़ावा देने और पंचायतों का सहयोग लेने का सुझाव दिया है। ये जो चीजें हैं अगर इन का हम सही ढंग से उपयोग करें तो विद्युतीकरण के काम में काफ़ी तेजी आ सकती है।

जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा है, अगर हम गांवों तक बिजली ले जाते हैं तो इस से बेरोजगारी दूर करने में मदद मिलेगी। गांवों में बिजली पहुंचाने के लिये यही काफी नहीं है कि वहां बिजली के खम्भे हों, बिजली के तार हों, बल्कि इसके लिए यह भी आवश्यक है कि लोगों को बिजली मिले। इसके लिए यह भी जरूरी है कि बिजली बोर्ड के सारे सामान की सही ढंग से देखभाल हो। इस कार्य में सहकारी समितियों का उपयोग हो सकता है, इस में हम ग्राम पंचायतों का सहयोग ले सकते हैं। अगर हम यह करें तो ग्राम विद्युतीकरण का काम तेजी से आगे बढ़ सकता है।

अभी कुछ रोज पहले इस सदन में सवाल उठाया गया था कि हम ग्राम विद्युतीकरण में पिछड़े राज्यों का तो ध्यान रखते हैं लेकिन उन राज्यों में जो आदिवासी क्षेत्र हैं उनका जितना ध्यान रखा जाना चाहिये उतना ध्यान नहीं रखते। माननीय सदस्यों को यह बात मालूम है कि आदिवासी क्षेत्रों का विकास करने के लिए उप-योजना बनायी जा रही है जिसको सब-प्लेन कहते हैं। इन सब-प्लेन के अन्तर्गत ग्राम विद्युतीकरण को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इन सब-प्लेन में दूसरी चीजें भी हैं जैसे पीने के पानी की व्यवस्था, यातायात के साधनों की व्यवस्था, सड़क बनाना आदि, लेकिन इन के साथ-साथ इस सब-प्लेन में बिजलीकरण का महत्वपूर्ण स्थान है। इस उप-योजना के अन्तर्गत आदिवासी ग्रामों के बिजलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पांचवी योजना के प्रारूप में इस के लिए 91 करोड़ रुपये रखने का प्रस्ताव है।

16.15 hrs.

[SHRI VASANT SATHE *in the Chair*]

इस प्रकार से इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आदिवासी क्षेत्रों के गांवों या ऐसी जो हरिजन बस्तियां हैं, उनके विद्युतीकरण की योजना का प्राथमिकता देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। 1976-77 के वर्ष के लिए योजना आयोग ने ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए 114 करोड़ 7 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। इस राशि से जो लक्ष्य निर्धारित किए गये हैं वे राज्यों के सामान्य विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत करीब 28 करोड़ रुपये दिये जायेंगे, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम का जो सामान्य कार्यक्रम है उसके अन्तर्गत 62 करोड़ रुपये दिये जायेंगे और न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 23 करोड़ रुपये दिये जायेंगे। इस धनराशि से 15 हजार गांवों में बिजली लग सकेगी, 1,96,000 पम्पसेटों, नलकूपों का बिजलीकरण हो सकेगा।

अभी राजस्थान के माननीय सदस्य बोल रहे थे और कह रहे थे कि गांवों में जो बिजली का वितरण या बिजली की उपलब्धता की बात है वह संतोषजनक नहीं है। अगर गांवों तक बिजली बढ़ाना चाहते हैं, चाहते हैं कि गांवों के लोगों को प्रापर वोल्टेज मिले और जो पावर ब्रेक डाउन होता है वह न हो, सन्तोषजनक रूप से बिजली वहां मिले तो यह केवल इसी से सम्भव नहीं होगा

कि हम देश में बिजली उत्पादन की जो क्षमता है उसको ही बढ़ाएं। अभी माननीय सदस्यों ने मंत्रालय को इस बात के लिए बधाई दी है कि पिछले वर्षों की तुलना में अब बिजली उत्पादन की क्षमता में वृद्धि की गई है, 1800 मैगावाट की क्षमता बढ़ा दी गई है। यह भी कहा गया है कि बिजलीघरों की प्रबन्ध व्यवस्था में सुधार हुआ है। वह सब तो ठीक है। लेकिन जब तक ट्रांसमिशन और वितरण की व्यवस्था सन्तोषजनक न हो तब तक गांवों के जो लोग हैं, जो उपभोक्ता हैं उनको सही मात्रा में, उचित ढंग से बिजली नहीं मिल सकती है, समय पर नहीं मिल सकती है। इस लिहाज से ट्रांसमिशन और बिजली वितरण की व्यवस्था को सन्तोषजनक रूप प्रदान करने के लिए पिछले वर्ष में जो कदम उठाए गए हैं मैं सदन का ध्यान उनकी ओर आकर्षित करना चाहता हूं। ट्रांसमिशन और वितरण की व्यवस्था को नया वैज्ञानिक रूप देने के लिए एवं देश में बिजली वितरण की दीर्घ-कालीन आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर. योजना बनाने के लिये केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण में एक नए सदस्य का पद स्वीकृत किया गया है। इस सदस्य का काम देश में बिजली की वितरण की व्यवस्था एवं ग्रिड प्रणाली को विशेष रूप से देखना है।

विद्युत् का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिये अखिल भारतीय ग्रिड की स्थापना के महत्व को स्वीकार करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए विभिन्न विद्युत् प्रणालियों का प्रचालन समुचित रूप में किया जाना आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रख कर 1975—76 में कई महत्वपूर्ण 220 के बी ए को लाइनें चालू की गई हैं। उन में से महत्वपूर्ण हैं;

संगरूर भटिंडा, हिसार वल्लवगढ़, चिब्रो ऋषिकेश, कोराडी अम्माजारी, पिपरिया, नरसिंहपुर, कोठागुडम हैदराबाद, शिमोगा, मंगलौर, , तूतीकोरिन कयातार, संतालडिह हावड़ा, गया डिहरी।

लेकिन इन लाइनों से अधिक महत्वपूर्ण हैं ये अन्तर्राज्यीय लाइनें जिन का निर्माण कार्य 1975—76 में पूरा हुआ:

चन्दील जोड़ा, हम्पीगुत्ती, बदरपुर, जयपुर, पम्बा कयातार।

ये 220 के० वी० की लाइनें हैं। लेकिन 132 के०वी० ए० की दो महत्वपूर्ण अन्तर्राज्यीय लाइनें भी इसी वर्ष बन कर तैयार हुई हैं। वे हैं, पूर्णिया सिलिगुडी, और अलीपुरद्वार, बोंगाईगांव।

अन्तर्राज्यीय ट्रांसमिशन लाइनों या राज्य के भीतर ही उच्च वोल्टता की ट्रांस-मिशन लाइनों के निर्माण का पूरा लाभ तभी मिल सकता है जब सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय भार प्रेशण केन्द्रों का कार्य ठीक से चालू हो। इस दष्टि से दक्षिण क्षेत्रीय भार प्रेषण का कार्य सब से आगे रहा है। अन्य तीन क्षेत्रों में भी इस कार्य को इस वर्ष और आगे बढ़ाया गया है। इस दृष्टि से उत्तरी क्षेत्र की प्रगति उल्लेखनीय हैं जिस क्षेत्र में बैठ कर हम बात कर रहे हैं। इस में पंजाब है, हरियाणा है, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचलप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, चण्डीगढ़, और दिल्ली हैं। इस क्षेत्र में भी काफ़ी प्रगति हुई हैं। और इसी कारण से पिछले वर्षों में इस क्षेत्र में जब किसी राज्य में बिजली का अभाव रहा और दूसरे राज्य में अगर बिजली का उत्पादन थोड़ा संतोषजनक रहा तो हम ने एक राज्य से दूसरे राज्य को बिजली देने का काम किया। इस कारण से किसी राज्य में बिजली का जो संकट आ जाता था वह संकट नहीं आया। कभी बिजली की कमी अगर पंजाब में हुई, उत्तर प्रदेश में या मध्य प्रदेश में हुई या—हरियाणा में हुई या दिल्ली में हुई और पावर सिस्टम फ़ल करता रहा तो रिजनल ग्रिड और लोड डिसपर्सल सैन्टर, की जो व्यवस्था की गई उसकी वजह से इस कठिनाई को दूर करने में मदद मिली।

[प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद]

सदन में मांग की जाती रही है कि राष्ट्रीय-ग्रिड की जो हमारा अंतिम लक्ष्य है। यह पूछा जाता है कि राष्ट्रीय ग्रिड कब तक बन कर पूरा होगा। अब अगर इस के बारे में सैद्धान्तिक बात की जाए तो काश्मीर की बिजली आज भी सिद्धान्तः हम कन्याकुमारी तक ले जा रहे हैं या गुजरात की बिजली हम असम तक ले जा रहे हैं। लेकिन एक स्थान से दूसरे स्थान तक इस बिजली को ले जाने के लिये जो हमारी ट्रांसमिशन लाइनें हैं वे बहुत कमजोर हैं। यह काम 132 के०वी० या 220 के० वी० की लाइनों से नहीं हो सकता है।

इसके लिये इस बात की जरूरत है कि हम अपने देश में 400 के० वी० लाइन लगायें और इन लाइनों को लगाने का काम अगर हम करते हैं, तभी नेशनल ग्रिड की बात सही अर्थों में हमारे लिये बिल्कुल लाभप्रद हो सकती है। लेकिन 400 के० वी० लाइन हम लगाना चाहें तो उस पर काफ़ी खर्चा पड़ता है और तकनीकी कठिनाइयां भी आती हैं। फिर भी देश की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह काम शुरू किया गया है और 400 के० वी० की ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण का कार्य योजनाबद्ध रूप में हाथ में लिया जा चुका है।

इसके अन्तर्गत व्यास परियोजना तथा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में 400 के० वी० ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण का कार्य शुरू किया जा चुका है। ऐसी आशा की जाती है कि ओबरा से सुलतानपुर तक की 400 के० वी० लाइन 1977 की पहली छमाही में बन कर तैयार हो जायेगी और यह देश में उच्चत वोल्टता की पहली लाइन होगी।

20-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकार की घोषित नीति के अनुसार सुपर ताप-बिजली घरों का निर्माण कार्य किया जायेगा और ये बिजलीघर कोयला-खानों के निकट होंगे। वहां से बिजली को उनके उपभोक्ता केन्द्रों तक ले जाने के लिए भी 400 के० वी० लाइनों का निर्माण आवश्यक है। इसी के अनुसार राज्यीय, अन्तर्राज्यीय तथा अन्तर्क्षेत्रीय ग्रिड स्टेशनों का भी निर्माण कार्य किया जायेगा।

"जैसा कि माननीय सदस्य जानते हैं कि बिजली के ट्रांसमिशन और वितरण का कार्य कोई कम खर्चीला नहीं है। आमतौर पर सारी दुनिया का अनुभव यह है कि अगर हम 100 रुपये बिजली के उत्पादन पर खर्च करते हैं तो 90 रुपये ट्रांसमिशन और वितरण पर खर्च करने पर ही उपभोक्ताओं तक बिजली व्यवस्थित रूप में पहुंच सकेगी, लेकिन कई कारणों से यह संभव नहीं हो सका है। बिजली की मांग के कारण, अर्थ के अभाव के कारण तेजी से काम को आगे बढ़ाने के कार्य में ट्रांसमिशन की व्यवस्था को जितना मजबूत होना चाहिये था, हम अपने यहां वैसा नहीं कर सके हैं। लेकिन उस कमी की पूर्ति के लिए, इस को वैज्ञानिक और सुव्यवस्थित ढंग से करने के लिए, तकनीकी राय देने के लिये केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण को मजबूत बनाया जा रहा है और इस काम के लिए विशेषज्ञों को रखा जा रहा है, जो अपना सारा समय इसी काम में लगायेंगे। कि कहां पर किस ट्रांसमिशन लाइन की जरूरत है, दुनिया के सारे देशों में जो काम हो रहा है, उसको ध्यान में रखते हुए किस काम को किस ढंग से चलाया जाये।

अभी एक और महत्वपूर्ण काम को हाथ में लिया गया है जिसकी सूचना मैं सदन को देना चाहता हूं। उच्च वोल्टता वाली ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण का कार्य काफ़ी खर्चीला है, फ़िर भी इसकी आवश्यकता को ध्यान में रख कर अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ

(आई० डी० ए०) से एक समझौता किया गया है जिसके अन्तर्गत 15 करोड़ डालर का ऋण इस कार्य के लिए प्राप्त हुआ है। इस धन राशि से महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल में उच्च वोल्टता वाली लाइनों का निर्माण कार्य किया जायेगा। तथा पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रीय बिजली बोर्डों के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद की जायेगी। इस राशि का उपभोग विशेषज्ञों की परामर्शदाताओं के रूप में सेवा लेने के लिए भी किया जायेगा।

अभी माननीय सदस्यों ने इस बात की ओर भी ध्यान आकर्षित किया कि हमार जो बिजली घर है, उनका रख-रखाव और देख रेख ठीक-ठीक होनी चाहिये, इसकी तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है। पिछले वर्षों की तुलना में इस में जो प्रगति हुई है, उसका मैं थोड़ा सा संकेत यहां देना चाहता हूं।

अप्रत्याशित कारणों से अगर बिजली-घर बन्द किया जाता है, तो उसकी उत्पादन क्षमता, उत्पादकता तथा विद्युत उत्पादन पर काफी दुष्प्रभाव पड़ता है। साथ ही, यह भी देखने में आया कि नियमित रख-रखाव आदि के लिए भी एक समय कुछ आवश्यकता से अधिक लगता था। इसलिए ऊर्जा मंत्रालय ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जिसने ताप बिजली केन्द्रों के सुनियोजित सचालन की दिशा में महत्व-पूर्ण निर्देश नीति बनाई। निर्देश-नीति को सभी विद्युत परिषदों तथा ताप-विद्युत केन्द्र सस्थापकों को आवश्यक कार्यवाही के लिये भेजा गया।

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के वरीय अधिकारीगण भी नियमित रूप से इन केन्द्रों पर जाते रहे हैं और इस निर्देश नीति के सही अनुपालन की ओर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। इसका परिणाम यह हुआ है कि जहां 1975-76 के पहले छः महीनों में अप्रत्याशित कारणों से कुल प्रतिष्ठापित क्षमता की 14.7 प्रतिशत हानि हुई, वहां बाद के छः महीनों में यह घटकर 11.3 प्रतिशत रह गई।

वर्ष के पहले अर्धांश में जिन 36 केन्द्रों या यूनिटों को नियमित रख-रखाव के लिए बन्द किया गया था, उन को पुनः चालू करने में औसतन 95 दिन प्रति-यूनिट लगते थे, और दूसरे अर्धांश में जिन 30 यूनिटों को बन्द किया गया, उन्हें औसतन 59 दिन प्रति-यूनिट के हिसाब से पुन चालू कर दिया गया। हमें आशा है कि निकट भविष्य में नियमित रख-रखाव आदि के काम को हम और भी कम दिनों में कर सकेंगे, जिस से विद्युत उत्पादन में और अधिक क्षमता की उपलब्धि होगी।

माननीय सदस्य समय समय पर इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट करते रहे हैं कि बिजली घरों के रख-रखाव में सुधार लाया जाये। हम ने विद्युत केन्द्रों के निर्माण के कार्य में मानिटरिंग प्रणाली चालू की है, जिस की वजह से उस में सुधार आया है। उसी प्रकार अब हम ट्रांसमिशन लाइनों, विद्युत उपकेन्द्रों और उन में सम्बन्धित संचार प्रणाली के सुधार के कार्यों के लिए भी मानिटरिंग प्रणाली को लागू करने जा रहे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए, और इस बात को भी ध्यान में रखते हुए कि पहले की तुलना में आज हम को बहुत अधिक—करोड़ों की संख्या में—उपभोक्ताओं को संतोषजनक ढंग से बिजली देने का काम करना है, हम केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण (सेंट्रल इलेक्ट्रि-सिटी एथारिटी) में मानिटरिंग और ट्रांस-मिशन के लिए बनाये गये संगठन को, जो पहले बहुत मामूली रूप में था, मजबूत बना रहे हैं, जिससे इस काम को ज्यादा अच्छे ढंग से किया जा सके।

[प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद]

मैं सौर ऊर्जा या गोबर गैस प्लांट के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं, क्योंकि उन के जिन पहलुओं के बारे में माननीय सदस्यों ने ध्यान आकृष्ट किया है, उनके सम्बन्ध में मेरे वरिष्ठ सहयोगी, श्री पन्त, विस्तार से कहेंगे। मैं ग्रामीण विद्युतीकरण की दृष्टि से माननीय सदस्यों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि हमारे देश में ऐसे इलाके हैं, जहां गांव काफी दूर-दूर हैं। वहां ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में बहुत ज्यादा खर्च करना पड़ जाता है। अगर हम ऐसे इलाकों में गोबर गैस प्लांट का उपयोग बड़े पैमाने पर करें, उस का ज्यादा प्रचार करें, तो बिजली भी मिल सकती है, खाद भी मिल सकती है और खाना बनाने के लिए ईंधन भी मिल सकता है। गोबर और लकड़ी को जला कर बर्बाद करने के बारे मे बहुत चिन्ता प्रकट की जाती है; उन के लिए सब्स्टीट्यूट मिल सकता है।

लेकिन बजाये इस के कि हम एक-एक आदमी या एक-एक परिवार को एक गोबर गैस प्लांट दे, अगर हम सामूहिक रूप में गोबर गैस प्लांट दे दें, तो यह कार्य अधिक सफल हो सकता है। मैंने आंध्र प्रदेश के एक गांव में देखा कि वहां 600 लोग रहते हैं, और वहां 600 जानवर हैं। उस गांव मे एक इंजीनियर है। उस ने नौकरी नहीं की। उस ने सारा काम छोड़ कर पूरे गांव के लिए गोबर गैस प्लांट की योजना बनाई। मैंने देखा है कि उस गांव के लोगों ने पूरा सहयोग दिया है।

अगर हम इस ढंग से काम करे, तो हम उन इलाकों में भी बिजली दे सकते हैं, जिन में वैसे बिजली ले जाने का बहुत खर्च पड़ता है, जिस को वजह से बिजली की दर में वृद्धि होती है।

सभापति महोदय : क्या उससे कुएं का पम्प चल सकता है ?

प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद : चल सकता है।

श्री रण बहादुर सिंह (सिधी) : आंध्र प्रदेश के जिस गांव में यह काम हुआ है, अगर उस के बारे में सब आंकड़े और तथ्य आदि हमें मालूम हों, तो अन्य गांवों को भी इस बारे में बताया जा सकता है।

प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद : मैं यह जानकारी ले कर दे दूंगा।

सभापति महोदय : क्या उस का प्रोटोटाइप भी बनाया जा सकता है ?

प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद : जरूर बनाया जा सकता है।

माननीय सदस्यों ने कोयले के सम्बन्ध मे जो सवाल उठाये है, मैं उनमे से कुछ की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

श्री डी० एन० तिवारी (गोपालगंज) : मैं मंत्री महोदय से एक क्लैरिफिकेशन चाहता हूं। उन्होंने शुरू मे कहा कि जहा आल-इंडिया ऐवेरेज से कम बिजली का उत्पादन या उपयोग हो रहा है, उस को आल-इंडिया ऐवेरेज तक लाने का प्रयत्न हो रहा है। वह जानते हैं कि हर एक बड़े प्रान्त में कुछ डिस्टिक्ट एरियाज है, जहा दूसरे एरियाज की तुलना मे बहुत कम बिजली मिलती है। जैसे नार्थ बिहार और ईस्टर्न यू० पी०, वहां दो चार वर्ष पहले औसत बिजली की खपत 8 या 10 यूनिट पर कैपिटा थी क्या मैं जान सकता हूं कि इन दोनों जगहों को आल इंडिया एवरेज में लाने के लिए क्या प्रयत्न किया गया और उस प्रयत्न का क्या फल हुआ ? हम लोगों के यहां महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसा न हो तो भी 50 यूनिट या 30 यूनिट भी करने का प्रयत्न किया गया है और यदि हां तो उस में कुछ प्रगति हुई है ? अगर हुई है तो कितनी हुई है ?

प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद : सभी क्षेत्रों के तो अलग आंकड़े मेरे पास नहीं हैं लेकिन क्योंकि इस सदन में कई बार उत्तरी बिहार की बात उठाई गई है इसलिए मैंने उस के आंकड़े इकट्ठे किए हैं और वह यह हैं कि अभी कुछ साल पहले जहां प्रति व्यक्ति 8 यूनिट बिजली की खपत वहां पर थी पिछले सालों में वह 15 यूनिट तक चली गई है। लेकिन मैं अभी दूसरी बात कहना चाहता हूं कि अभी जिस काम को हम ने हाथ में लिया है, ग्राम विद्युत्ती-करण नियोजन के द्वारा जो योजना स्वीकृत की जाती है उस को पूरा करने में पांच साल का समय लगता है। तो अभी दो वर्षों मे जब से हम ने इस को उच्च प्राथमिकता दी है उसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तरी बिहार के लिए या ऐसे पिछड़े इलाकों के लिए जो योजनाएं स्वीकृत की गई हैं उन का असर अभी नही मालूम पड़ेगा। पाच वर्षों में जब ये योजनाएं पूरी हो जायेगी तभी इन का असर मालूम पडेगा। एक दूसरी बात की तरफ मैं संकेत करना चाहता हू कि ये जो पिछडे इलाके थे उन मे बिजली की माग पहले बहुत अधिक नही थी। अब वह बढने लगी है और इसलिए इन राज्य सरकारों को यह कहा गया है कि ऐसे पिछडे इलाकों के लिए योजनाएं बनाने की तरफ विशेष रूप से ध्यान दें और ऐसी जो योजनाएं बनाई जाती हैं उन को स्वीकृत करने मे हम प्राथमिकता देते है।

कोयले के राष्ट्रीयकरण के बाद कोयले के उत्पादन मे जो वृद्धि हुई है माननीय सदस्यों ने उस का स्वागत किया है। इस के लिए जो कोयला उद्योग के मजदूर हैं और जो कोयले की प्रबन्ध व्यवस्था मे प्रबन्धक लगे हुए हैं वे दोनों बधाई के पात्र हैं। सदन इस बात से अवगत है कि जो अभी कोयले की कम्पनी है जिस का नाम पुनर्गठन के बाद कोल इंडिया लिमिटेड दिया गया है उस कोयले की कम्पनी के पांच अलग अलग डिवीजन्स हैं। कोल इंडिया लिमिटेड एक होल्डिंग कम्पनी के रूप में काम करती है। ये पांच डिवीजन्स उस के हैं जिन को हम सब-सिडियरीज कहते हैं—एक भारत कोकिंग कोल लिमिटेड है, दूसरा ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड, तीसरा सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमि-टेड, चौथा वैस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड और पांचवां सेंट्रल माइन प्लानिंग ऐंड डिजाइन इस्टीच्यूट। माननीय सदस्य श्री भट्टाचार्य ने यह सुझाव दिया था कि यह जो सी एम पी डी है इस को सीधे मंत्रालय के अन्तर्गत रखना चाहिए। यह एक ऐसा सुझाव है जिस पर विचार करने की बात है क्यो कि कोल इंडिया को भी एक ऐसी सस्था की जरूरत है जो इस काम मे पूरी तरह से उस की मदद कर सके।

अभी जो 1975-76 का कार्यक्रम बनाया गया था और कोल इंडिया की योज-नाएं बनाई गई थी वह 199 करोड के करीब की थी और इस योजना के मुताबिक यह जो उत्पादन का वर्ष रहा 1975-76 का उस मे कोल इंडिया को ऐसा लगता है कि 43 लाख का घाटा हो सकता है। यह घाटा होने की सभावना है। उस की वजह यह है कि कोयले का दाम बढाने के लिए कोल इंडिया की तरफ से जो माग की गई थी और जो चक्रवर्ती कमेटी की रिपोर्ट आई थी उस मे उन की सारी बातों को स्वीकृत नही किया गया। खास तौर से इस सदन मे साफ्ट कोक जो जलावन के काम मे आता है. उस की बात बार बार उठाई जाती है और इस सदन में इस बात की भी माग की जाती रही है कि क्योंकि आम लोग उस कोयले का जलावन के रूप मे उपयोग करते हैं इसलिए उस का दाम नही बढाया जाना चाहिए। इसलिए चक्रवर्ती कमेटी की सिफारिशो के बावजूद सरकार द्वारा कोयले की कीमत बढाते समय साफ्ट कोक की कीमत नहीं बढाई गई। लेकिन जहां तक उत्पादन लागत का सवाल है वह साफ्ट कोक हो, ग्रेड वन हो, कोकिंग कोल

[प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद]

हो, उत्पादन लागत तो सब की एक ही होती है। तो उतनी दूर तक साफ्ट कोक की वजह से उस को घाटा उठाना पड़ रहा है। इस के साथ साथ जब कोयले की कीमत पर चक्रवर्ती कमेटी ने विचार किया था तो उन्होंने दो चीजों पर विचार नहीं किया था —एक कैं पटल पर क्या रिटर्न होना चाहिए था उस का और दूसरे डेप्रिशिएशन का। तो इस की वजह से भी कोल इंडिया को 1975-76 में घाटा होने की बात आती है। लेकिन इस सब के बावजूद कोल इंडिया की प्रबन्ध व्यवस्था में जो सुधार हुआ है, इस के साथ-साथ जो कोल इंडया का पुनर्गठन किया गया है और कोयला खदानों मे जो काम करने वाले मजदूर हैं उनके साथ जो समझौता किया गया था, उनकी मजदूरी को लेकर, उसका अच्छा असर पड़ा है, उत्पादन बढाने मे उनको उत्साह आया है और इस बात से उम्मीद की जाती है कि 1976-77 में कोल इंडिया को मुनाफा हो सकता है। इस सदन के माननीय सदस्यों को जैसा मालूम है, कोल इंडिया के पास काफी कोयला जमा हो गया है लेकिन उसमे कोई चिन्ता की बात नहीं है। हम कोशिश करगे कि, कोयले का निर्यात हो। इसमे चिन्ता की दूसरी बात है और वह यह कि कोयले के जो उपभोक्ता हैं उनके पास कोल इंडिया का बहुत ज्यादा बकाया हो गया है। कुल मिलाकर 94 करोड़ का बकाया है। वहा पर भी मजदूर काम करते हैं जिनको हर हफ्ते मजदूरी चाहिए जिसके बिना उनका काम नहीं चल सकता है। रेलवेज के पास 14 करोड़ का बकाया है, स्टील प्लान्ट्स के पास 36 करोड़ का बकाया है, बिजली घरों के पास 33 करोड़ का बकाया है। तो बकाये की जो इतनी बड़ी धनराशि है उसका अविलम्ब भुगतान होना चाहिए और इसके लिए कुछ कदम भी उठाये जा रहे हैं और ऐसी उम्मीद की जाती है कि जो भुगतान का असन्तुलन हो गया है, उस में सुधार हो सकेगा।

एक दूसरी बात एक माननीय सदस्य ने यहां उठाई थी, लेकिन उस का जवाब दूसरे माननीय सदस्य दामोदर पाण्डे जी ने दिया और वह यह थी कि जो साफ्ट कोक है, उस के दाम में कोई अप्रत्याशित रूप से वृद्धि नहीं की गई है। जैसा कि मैंने पहले बताया जो वृद्धि होनी चाहिए वह जानबूझ कर नही की गई। दाम को कम रखा गया। यह जरूर है कि साफ्ट कोक के जितने उत्पादन का लक्ष्य था, जैसा कि पाण्डे जी ने बताया था, उस के मुताबिक उत्पादन नहीं किया गया और उस उत्पादन को बढ़ाने के लिये अभी कोशिश की जा रही है। देश मे जहां कही गोबर या लकड़ी का इस्तेमाल होना है, अगर वहां साफ्ट-कोक पहुंचा सकें, तो वह उस का स्थान ईंधन के रूप मे ले सकेगा।

दूसरी महत्व की बात यह है कि कोयले का वितरण सही रूप में हो सके। आज कोयले की खानें सारे देश मे एक समान नही हैं, कुछ जगहों पर कोयला पहुचाने म काफी कठिनाई होती है। पहले रेलवे की वैगन्ज की वजह से होती थी, लेकिन आज वैगन्ज की कोई दिक्कत नही है। कोयले का सही रूप में वितरण हो सके, इस के लिये कोल इण्डिया ने अपने पाच क्षेत्रीय डिवीजन बनाये हैं। एक-एक क्षेत्र के लिये एक-एक डिवीजन जिम्मेदार रहेगा। हर राज्य मे कोयला उपभोक्ताओं तक सही रूप से पहुंच सके, इस बात को विशेष रूप से ध्यान मे रख कर ये क्षेत्रीय डिवीजन काम करेंगे। इस सम्बन्ध में कोल इण्डिया विभिन्न राज्य सरकारों से भी बातचीत कर रहा है। कोयले का लागत खर्च तो कोयला खानों पर कम होता है, लेकिन जब कोयला उपभोक्ताओं तक पहुंचता है तो उस की कीमत ज्यादा हो जाती है—इस को कैसे कम किया जाय, यह विचार की बात है, इस पर ध्यान दिया जा रहा है।

कभी कभी ऐसा मान लिया जाता है कि कोल इण्डिया के बाहर कोयले की खानें

गई हैं, लेकिन उस के बाहर भी एक कम्पनी है-- जिस को सिंगरैणी कोलयरी कम्पनी के नाम से जानते हैं। यह कम्पनी आन्ध्र प्रदेश सरकार और कोल इण्डिया दोनों की संयुक्त कम्पनी के रूप में काम करती हैं। और पांचवीं पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत ऐसी उम्मीद की जाती है कि सिंगरैणी कोलियरीज में उत्पादन में वृद्धि होगी। 1973-74 में करीब 50 लाख टन कोयला निकाला गया था, अब 1978-79 में ऐसी आशा है कि करीब 1 करोड़ टन निकाला जा सकेगा। इस लिये सिगरैणी कोल फील्ड्स के बारे में जो एक धारणा पैदा हो गई थी कि वहां सुधार की काफी गुंजाइश है, उस दिशा में काफी प्रगति हो रही है। ऐसी उम्मीद की जाती है कि इस कम्पनी को अब तक जो घाटा उठाना पड़ा है, उस स्थिति में अब परिवर्तन होगा और यह कम्पनी भविष्य में ज्यादा अच्छी तरह से काम कर सकेगी।

कोयले के क्षेत्र में हम जो परिवर्तन लाना चाहते है—उस के लिये बहुत जरूरी है कि हमारे पास पर्याप्त ट्रेंड-मैन-पावर हो। आज हम जो भी प्रबन्ध व्यवस्था में सुधार करते है, मजदूरों को उचित मजदूरी देते है, मशीनों में काफी पैसा लगाते है—ये सब चीजें तभी सफल हो सकती है जब कि हमारे पास ट्रेण्ड लोग हों, जो वहां की व्यवस्था को ठीक कर सकें, ठीक से देख-रेख का काम कर सके, वहां जो दुर्घटनायें होती है, उन को रोक सकें, बचाव की व्यवस्था कर सकें। इस के लिये एक ज्वाइन्ट बोर्ड आफ माइनिंग एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिस में हम ऐसे लोगों को ट्रेण्ड कर सकेंगे। इसमें इस बात की व्यवस्था भी की गई है कि इस साल के बजट में हमारा कोयला विभाग इण्डियन स्कूल आफ माइनिंग धनबाद और बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी को इस बात के लिये आर्थिक सहायता देगा कि व लोगों को उचित रूप में ट्रेनिंग दे सकें। इस व्यवस्था के बाद ऐसी उम्मीद की जाती है कि कोयला उद्योग, जिस ने कि इतना अच्छा काम किया है, जिस के लिये अनेकों माननीय सदस्यों ने उसे बधाई दी है, इस से भी और ज्यादा अच्छा काम कर सकेगा, आनेवाले समय में दुर्घटनाओं में कमी होगी तथा लागत कम होगी, उत्पादन में वृद्धि होगी, तथा यह अपने पैरों पर खड़ा हो सकेगा।

अन्त में मैं माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हू, जिन्होंने इतनी दिलचस्पी लेकर अपने अमूल्य सुझाव दिये।

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी (जमशेदपुर): चेयरमैन साहब, मैं एनर्जी मंत्री श्री पन्त साहब को बधाई देता हू—जब से उन्होंने इस मंत्रालय को अपने हाथ में लिया है, कोयले का उत्पादन बढ़ा है। चेयरमैन साहब, कोल नेशनलाइजेशन का जो आब्जैक्टिव था, उस के पीछे एक भावना थी। जब कोल नेशनलाइजेशन नही हुआ था, उस वक्त वहा जो वर्कर्स काम करते थे, बड़े-बड़े माइन आनर्स और बिजनैस-मैन उन को बहुत ज्यादा एक्सप्लाएट करते थे। लेकिन हमारी प्रधान मंत्री जी ने जो रेवोल्यूशनरी मेजर कोल इण्डस्ट्री के नेशनलाइजेशन के लिये उठाया, उस से मजदूरों को काफी राहत मिली। लेकिन अभी भी जो नीचे दर्जे के आफिसर्ज है, पैटी-आफिसर्ज हैं, वे इस को सैबोटाज कर रहे है। ये लोग पहले उन बड़े बड़े बिजनैस-मैनों के हैन्चमैन हुआ करते थे, अब ये लोग बी०सी० सी० एल० में इनफिल्ट्रेट कर गये हैं और कोल-माइंज को बहुत नुकसान पहुचा रहे हैं।

दूसरी बात यह है कि एस्टीमेट्स कमेटी की जो 90वी रिपोर्ट कल इस हाउस में पेश की गई है, उस में जो सुझाव दिये गये हैं, मेहरबानी कर के उन को जल्दी से जल्दी लागू करना चाहिये। उस में दो-तीन सुझाव बड़े महत्वपूर्ण हैं—

"....to set up a standing linkage and monthly allocation of correct specifications of the coal to power

[सरदार स्वर्ण सिंह सोखी]

stations and a control room in the Ministry of Railways to review the daily supply of a joint cell in Calcutta to review the loading and movement of wagons."

अभी भी ऐसी बहुत सी माइन्ज हैं जिन का अभी तक नैशनलाइजेशन नहीं हुआ है। बिहार में करीब करीब 400 एमी माइज हैं। मेहरबानी कर के इन को जल्द से जल्द नेशनलाइज कीजिये। बिहार सरकार ने भी आप को लिख कर भेजा है कि इन के नेशनलाइजेशन में उन को कोई आब्जैक्शन नहीं है। और उन्हों ने कई लोगों की लीजों को भी अभी तक रिन्यू नहीं किया है। इसलिये जल्दी से जल्दी इल्लीगल कोलमाइन्स की जो वर्किंग्स हैं गिरिडीह और हजारीबाग में इस को बन्द कराइये। यह लोग आप के अधिकारियों को ब्राइब करके कोयला चोरी कर के ले जाते हैं और इस में बड़े बड़े और पोलिटीशियन्स के भी हाथ है। जो कोल का स्टाक पाइल हो गया है, जैसा मंत्री जी ने बताया रु० नहीं दे सके है क्योंकि 94 करोड़ रु० बाकी हैं तो यह किसी और को नहीं देना है बल्कि आप के तीन महकमों को देना है, आप उन के साथ बैठ कर बात कीजिये और हल निकालिये। अगर रु० बाकी है तो आगे कोयला देना बन्द कर दीजिये, फौरन पैमैंट आ जाएगा। या फिर बात कीजिए ताकि कोयला मूव करे। पिट हैड्स पर कोयला जब गर्मी मे पड़ा रहेगा तो उस मे खुद ब खुद आग लग जायेगी। चोरी तो वह करते ही है, और इस से यह होता है कि ऐसी बातों मे आप के अधिकारियों की ईमानदारी खुद ही खराब होती है, वह कहते है कि चलो थोड़ा कोयला बेच दो क्या हर्ज है।

कोक्वेट माइन मिसहैप्स जो हो रहे हैं उन के काजेज की आप जांच कीजिए और विचार कीजिये कि किस वजह से ऐसा हो रहा है। कोई सर्वे कीजिये। मैं आप को अभी बताऊंगा कि किस माइन में बसन्तला मिसहैप फिर होने वाला है।

आप ने कहा कि बहुत पावर है। लेकिन दूसरी तरफ़ कहा जाता है कि ऐक्यूट शोर्टेज है। आप स्टील मिनिस्टर से पूछिये उन्होंने कन्सल्टेटिव कमेटी की मीटिंग में कहा है कि हमारे पास पावर नही है जिस की वजह से काम हर्ज हो रहा है। इन्डस्ट्रीज वाले भी रोते हैं। आप को पता होगा कि 22, 23 अप्रैल, को पटना में 72 घंटे तक बिजली नहीं मिली—न ही पतरातु थर्मल पावर स्टेशन से और न डी० वी० सी० से। तो इस तरह के जो डिसरप्शन्स होते हैं इन को ठीक करना चाहिये। आप को सोचना चाहिय कि ऐसा क्यों होता है। आप को डी० वी० सी० और वैस्ट बंगाल की जो प्रोबलम्स हैं उन के बारे में विचार करना चाहिये। वहां जो पावर हाउसेज है इस में डी० वी० सी० और वैस्ट बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को बड़ा गहरा धक्का लगा है। 120 मैगावाट का थर्मल पावर स्टेशन का जेनरेटिंग सैट फेल हो गया है, और दो सैटस जो वैस्ट बंगाल में हैं, जिन में से एक अक्तूबर 1973 में कमीशन हुआ था और दूसरा लास्ट ईयर हुआ वह अभी तक स्टेबिलाइज नहीं हुए हैं यह मेरी पक्की जानकारी है। अगर गलत हो तो आप मुझ से पूछ सकते हैं कि मैं क्यों गलत सूचना दे रहा हूं। चन्दरपुरा में सैट नम्बर 4 और 5 का परफ़ोरमैंस बिलकुल अपटू दी मार्क नहीं है। एक तो 1975 में कमीशन हो गया और दूसरे को फोरमली कमीशन होना है, हालाकि चल रहा है। इस पर आप अपने अधिकारियों से कहिये कि काम कर के कुछ नतीजा निकालें। अपने अफ़सरों के आप जब तक कान नहीं खीचेंगे उन का दिमाग ठंडा नहीं होगा। अभी तक आप के अफ़सरों के दिमाग नीचे नहीं आये हैं।

आप के एक मैनेजिंग डायरेक्टर है रांची में, मैं स्टील मिनिस्टर के साथ 29 नवम्बर

की गया था, मेरे पास एक आदमी आया और उस ने कहा कि मेरे साथ यह यह जबरदस्ती की गई है आप इन्साफ़ कराइये । मैंने, जैसा कि मेरी आदत है, इन्साफ़ के लिये उस मैनेजिंग डायरेक्टर को टेलीफ़ोन किया कि फ़लां आदमी भेज रहा हूं उस के साथ इन्साफ़ कर देना । सिफारिश मैंने कोई नहीं की । उस ने जाते ही कहा जिस एम० पी० के जरिये आये हो उसी से कहो । उस अधिकारी का नाम बकेरा है । मैंने सवाल भी किया था । तो जब आप के अफसर हम लोगों की इस प्रकार इज्जत करते हैं तो हम क्या करें । आप की इज्जत भी वे वैसे ही करते होंगे । इसलिए मैं चाहता हूं कि आप कुछ ऐसे कदम उठाएं कि आप के अफसरों के खिलाफ काम करने में लगें । उन को थोड़ा आप ठीक-ठाक कीजिए । मैं यह नहीं कहता कि सारे के सारे चोर हैं लेकिन अगर 10 चोर है तो उन के साथ 2 और जो आते हैं वे भी चोर हो जाते हैं । हम सब के सब जो ये बातें करते हैं, तो क्या हम सभी के दिमाग खराब है और आप के अफसरों के दिमाग ठीक हैं ?

कल बी० सी० सी० एल, के मिसमैनेजमेंट के बारे में 571 न० क्वेश्चन आया था । स्पीकर साहब ने कह दिया कि इस को ट्रान्सफर कर दिया गया है । क्यों ट्रान्सफर कर दिया ? मुझे पता चला कि उस का जवाब नहीं आया है । रांची में जो आप के मैनेजिंग डाइरेक्टर श्री घोष है, उन्होंने 23 मार्च को स्टेटमेंट दिया था उस के बारे में सवाल पूछते हैं, तो पता चलता है कि जवाब ही नहीं आया । तीन हफ्ते पहले सवाल करते है और बड़ी मुश्किल से स्टार्ड क्वेश्चन में नम्बर आता है लेकिन नम्बर आने पर सवाल का जवाब ही नहीं आता है । आप सवाल का जवाब दीजिए, चाहे 'हां' में दीजिए या 'ना' में दीजिए । हम यहां इन्तजार करते रहते हैं कि हमारे सवाल का जवाब आएगा लेकिन जवाब आता ही नहीं है । मेरे साथ ऐसा दो, तीन बार हुआ है ।

दूसरी बात कोल वाशरीज के बारे में है जोकि धनबाद में है । हम वाशरी में कोल वाश करते हैं और स्टील प्लान्ट्स को सप्लाई करते हैं । उन को भी पूरा नहीं दे पा रहे हैं । मैं आप को बताऊं कि दामोदर रीवर के उस तरफ एक बहुत अच्छी वाशरी है । वह वैस्ट कोल वाशरी है लेकिन वह सारा माल टाटा को सप्लाई कर रही है । टाटा कम्पनी की अपनी कोल वाशरी है । उस की फ़र्स्ट क्लास कैप्टिव माइंस है लेकिन उस की वाशरी 50 परसेंट काम कर रही हैं । जो अच्छा कोयला होता है वह हमारी वाशरी लेती है । इधर आप के पास इतना अच्छा कोल नहीं है कि अपने बोकारो प्लान्ट को सप्लाई करें लेकिन टाटा उस को ले लेता है । मेरा कहना यह है कि टाटा की अपनी दो-तीन कोल वाशरीज हैं लेकिन कोल वाशरी के अफसर उन से मिले हुए हैं, इसलिए उन को वह कोल मिल जाता है । आप चाहें तो मैं आप को नाम बता सकता हूं । मुझे पूरा पता है । प्राइवेट सेक्टर में अपनी मशीन को वे ठीक रखे हुए हैं लेकिन उन से काम नहीं लेते है । वाशरी से जो चीज उन को बहुत जरूरी है, वह दी जाए लेकिन ऐसा न हो कि आप सब उन को दे दें ।

अब मैं छोटे नागपुर पर आता हूं । यह मैं आखरी बात बतला रहा हूं ।

सभापति महोदय : चासनाला की बात बतला दीजिए और खत्म कीजिए क्योंकि आप का टाइम हो चुका है ।

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : आप को पता है कि छोटा नागपुर प्लेटू में सिंहभूम जिला है और उस में जमशेदपुर है और हम उस के नुमाइन्दे हैं ।

सभापति महोदय : आप बड़े नागपुर के होते तो क्या होता ?

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : मुझे पता नहीं कि क्या होता लेकिन अभी तो छोटा नागपुर बड़े नागपुर के सामने बोल रहा है। वहां पर नार्थ दामोदर कोलरी है।

सभापति महोदय : चासनाला पर आइए क्योंकि आप का समय खत्म हो गया है।

सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : मैं चासनाला की ही बात बता रहा हूं। यह कोलरी अब दूसरा चासनाला बनने जा रही है। यह कोलरी को थ्रिडी बोर्डर बी० सी० सी० एल० के अन्दर आती है।

वहां के एक मैनेजर साहब एक स्कूल बनवा रहे हैं और पांच पांच रुपये फ़ी लेबर से लेते हैं। कहां स्कूल बन रहा है कुछ पता नहीं है। मेरी सूचना के अनुसार कोलरी में दो प्रकार के डेंजर हैं, एक आग से और एक पानी से जो बोकारो का पार्ट है। कुछ मैकेनिज्म में इम्मिडिएटली पानी के भर जाने की आशंका है। दामोदर का पानी बहुत नजदीक आ चुका है और जैसा मुझे मालूम हुआ है सात आठ फ़ीट ही वह वहां से रह गया है। वहां पचास वर्कर शिफ्ट में काम करते हैं। वहां आग भी लगी हुई है जनवरी 1974 से। वहां इस आइन में कोई सेफ्टी मेजर नहीं लिया गया है। अगर आप मुझ से और ज्यादा डिटेल्ज चाहें तो मैं दे सकता हूं। पांच सौ लोगों को जबर्दस्ती वहां आग के एरिया में भेजा जा रहा है, उनसे काम करवाया जा रहा है। कौन करवा रहा है इसको आप देखें सेफ्टी मेजर्स भी आप लें। ऐसा आप ने नहीं किया तो यह दूसरा चासनाला हो जाएगा। मैं आपको अभी से सावधान किए देता हूं। आदमी की जान एक सी है चाहे वह मंत्री हो या एम० पी० की हो, आप हों या मैं हूं। किसी का शौहर मर जाता है तो जो पीछे रह जाते हैं उन से आप पूछें कि उनकी क्या हालत होती है। कम्पेंसेशन दे देने से किसी की लाइफ़ तो आप वापिस नहीं ला कर देते हैं। इस वास्ते मेहरबानी करके इसको आप देखें।

MR. CHAIRMAN: We have got exactly one hour at our disposal, because at 5 minutes to 6 p.m., I am calling the Minister to start his reply. We have 13 speakers, yet. You know very well that we cannot extend the time. I would, therefore, like to accommodate as many members as possible. So many things have been said. The Members can present their views in terms of points—2, 3 or 4 points—and not elaborate on them. I am sure the Minister would catch their points; and he is energetic also. I will give 5 minutes each. I cannot agree to things which will result in encroachment upon other Ministries' time tomorrow. I have been told to call the Minister at 5 minutes to 6 p.m. So; kindly cooperate. At the end of 4 minutes I will ring the bell; at the end of 5 minutes I will stop you.

श्री भगतराम मनहर (जंजगीर) : पहले तो आपने तीस तीस मिनट दिए हैं।

सभापति महोदय : राव साहब को तो देना जरूरी था।

श्री भगतराम मनहर : उनकी बात नहीं कर रहा हूं। दूसरों को भी दिए हैं।

श्री राम हेडाऊ (रामटेक) : बीस सूत्री कार्यक्रम का लक्ष्य है जीवन की आवश्यक चीजों की कीमतें कम करना। किन्तु हम देखते हैं कि कोयला, बिजली, ईंधन आदि की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं। एक बोरा कोयला 25 रुपये में मिलने लग गया है। मैं नागपुर में रामटेक निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करके आया हूं। विदर्भ के देहातों में कृषक बेहाल हैं। उनको बिजली के धक्के लग रहे हैं। उनको सप्ताह में केवल पांच दिन बिजली मिलती है। बीच बीच में बिजली डिसकनेक्ट होती रहती है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि खेती को जब बिजली द्वारा पानी देने

को जरूरत होती है तो उसको पानी नहीं मिलता है और फ़सल सूख जाती है। इसका असर उत्पादन पर पड़ता है और उसको हानि पहुंचती है। बिजली बोर्ड द्वारा बिजली के कनक्शन देने में आनाकानी होती जा रही है। एक एक बिजली के कनक्शन के लिए भारी रकमें मांगी जाती हैं। मेरे यहां पूमला नामक गांव में एक कृषक से नए बिजली कनेक्शन के लिए 55 हजार रुपये मांगे गए हैं। इस सब का परिणाम यह हो रहा है कि साधारण कृषकों के लिए नए कनक्शन लेना असम्भव हो गया है। बिजली के मीटर भी सही नहीं घूमते हैं। इस कारण बिजली का बहुत ज्यादा बिल आ जाता है। इसको लेकर कई कृषकों ने अपनी बिजली की मोटरें भी बन्द करनी शुरू कर दी हैं।

विदर्भ में बिजली का उत्पादन होता है। किन्तु उसकी बिजली का अस्सी प्रतिशत भाग पश्चिमी महाराष्ट्र में बम्बई के उद्योग चलाने के लिए भेज दिया जाता है और बीस प्रतिशत बिजली ही विदर्भ को सप्लाई की जाती है। बिजली कम होने के कारण विदर्भ में कोई उद्योग तो है ही नहीं लेकिन कृषि के लिए भी पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिलती है। यह विदर्भ पर होने वाला अन्याय है, बिजली मन्त्री इसके ऊपर ध्यान दें और उसे दूर करें।

17 Hrs.

मैं तो सुझाव देना चाहता हूं कि विदर्भ में वे गंगा परियोजना तुरन्त बनाई जाये जिससे बिजली का अधिक उत्पादन होगा और खेती को भी अधिक पानी देने में सुविधा होगी।

खेती के लिये बिजली सप्लाई में प्राथमिकता देनी चाहिये। हम नये कृषि उत्पादकों की बात करते हैं और बिजली नहीं देते हैं, इसका परिणाम यह होता है कि फसल कम होती है।

मेरा सुझाव है कि 20-सूत्री कार्यक्रम में जो झोंपड़े बनाये गये हैं, उनमें भी बिजली देने का कार्य तेजी से किया जाये।

PROF. NARAIN CHAND PARASHAR (Hamirpur): Sir, I rise to support the Demands presented to this House by the Ministry of Energy.

My first point is that sometimes the survey results of some of the commissions do not bear out and ultimately the result is something entirely different. To quote page 34 of the Report of the Ministry:

> "For instance, the CW&PC's survey placed potential of river basins in Himachal Pradesh at 1.75 million KW continuous. Investigations carried out subsequently by the Himachal Pradesh authorities have led to identification of several new potential sites in the upper reaches of the Chanab, Ravi, Beas and Sutlej basins and the total hydro-electric potential in Himachal Pradesh is presently estimated at 5.12 million KW continuous."

It means that the earlier survey gave the potential as only one-third of what it actually was and a later survey increased the figure by three times. This is what has happened with most of the schemes, because earlier the potentialities were not calculated and so those projects were given a low priority.

Since I am the only Member speaking from my State, I would request you to give me a little more time. There are six projects in my State for which the survey has been done. As at present, the hydro-electric potential at the end of the year would be 111 MW. The capacity of the six new projects is as follows: Nathpa Jhakri 1020 MW, Bhaba 120 MW, Kol Dam 600 MW, Larji 160 MW, Dadahi Dam 100 MW and Chamera 400 MW, in all, it comes to 2,400 MW. If all this capacity is taken into consideration in

[Prof. Narain Chand Parashar]

the Plan and finance allocated, it would be a good thing.

At the present moment, we are in a very tight position, because the BSL project is going to be completed very soon. Most of the workers from that project are being retrenched. If out of these six projects at least one or two, say, Nathpa Jhakri and Bhaba, are approved by the Planning Commission and the Ministry and taken up for execution, the workers who would be retrenched from the BSL could be automatically absorbed in these projects in the neighbouring area. The climate is suitable to them and the terrain is also not new to them. So, there will be no dislocation.

Unless these projects are taken up immediately, what will happen is that because of one dispute or another, because of lack of finance or some other consideration, these projects would be postponed to the Sixth Plan, and the workers of BSL would be retrenched because the work on that project is over. There would be unemployment among the workers, starvation, large-scale migration and consequent resentment and even frustration. So, I would say, let it not be a tragedy of estimates, let it be a saga of achievements, as has been stated in the Report from page to page, which I cannot point out for want of time.

Himachal Pradesh should be given at least one or two projects, so that the workers who are to be retrenched from BSL, both Unit No. 1 and unit No. 2, they are not thrown on the streets and that they do not starve.

Here I would like to point out the dark side of the scheme, because everybody talks only about the bright side, lighting, incandescent lamps and so on. What about the problem of rehabilitation of the affected people? The dams that have arisen on the soil of Himachal Pradesh have destroyed its beauty, its culture, disfigured its geography. When Dr. Rao, who is sitting here, went to Bhakra, he was actually in tears when he looked at the sight. Roads have been submerged, projects have been destroyed, water sources have been dried up, and things had come to such a pass the electricity generated at Bhakra was being transmitted to other places, but Bhakra village remained unlit for 20 years. It was Dr. Rao who ordered that it should be electrified first. So, I would suggest that greater attention should be paid to the States in which these giants are located. Let not these giants kill the people, let the people live. If the dams rise and people perish, our planning would be very faulty.

I would refer to Question No. 2482 asked on the 15th April of the Minister of Communications in reply to which it was admitted that the transmission lines which were being put up by the State Electricity Board, Punjab, and by the BSL authorities were going to cause serious disruption of telecommunication lines, that as a result ten trunk routes would be dislocated. The N.W. Circle authorities have been impressing upon the BSL management and the Punjab State Electricity Board the need of giving money in advance for laying new trunk routes estimated to cost Rs. 39,07,000 as the existing lines would be dislocated and irreparably damaged. If this money is paid in advance, there can be some sound planning and the area would not suffer.

When the Pong dam was constructed, the Kangra Valley Railway was allowed to be closed for three years because the BSL and the BCB authorities refused to give the money in advance to the railways and, therefore, the line had to be dismantled. It is still closed. The tragedy is that we submerge more than we lift. The result is that the railways could not build an alternative alignment well in time. Therefore, if we have to dislocate, let us have some imaginative planning and anticipate the dislocation necessary in the national interests and provide the money in advance for

alternative arrangements so that there are no serious after effects.

There was a meeting of the Himchal Pradesh Revenue Minister, Shri Des Raj Maharaj, myself and Dr. Rao in which it was decided that water supply would be provided to the bulk of the villages around Bhakra by sharing the total cost on a fifty-fifty basis betwen the BMB and Himchal Pradesh. The Bhakra Management Board has written to the Member, BMB that Rs. 4 lakhs should be paid to the State Government as their cost for the supply of drinking water, but till today there has been no progress because Dr. Rao is out of office. They say they have no record. When one Minister gives a commitment, it must be honoured by his successor.

There was a serious tiff between the Bhakra management officers and the Punjab Government officers, and matters came to such a high breaking point that the police entered and were about to order the arrest of BMB officers and Members who have no sympathetic attitude towards the local people. However, they were just saved by the grace of good sense on the part of the State authorities. A similar situation may arise in Himachal Pradesh because the BMB officers do not allow people to cross from one side of Himachal Pradesh to the other as the dam is located in between even after issuing them permits. An explosive situation may arise as the people are harassed day in and day out by the security officers. So, my request to the hon. Minister is that the Chief Security Officer responsible for the maintenance of security at the Bhakra dam should be from Himachal Pradesh police. When the entire security police is from the State and the dam is located in the State of Himachal Pradesh, why should the Chief Security Officer come from another State? There have been cases where people in a serious condition being taken to hospital were not allowed to cross the dam by the men on security duty. Is the dam more precious than human lives?

Mrs. Satyavati Dang, a Member of the Rajya Sabha, for instance, was not allowed to cross from one side of Himachal Pradesh to the other because of security reasons.

What kind of arrangement is this? The commitment given by one Minister must be honoured by his successor.

MR. CHAIRMAN: Have those commitments been subsequently set aside by the successor?

